मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-32
16/01/2019

# आप पढ़ेंगे तभी आगे बढ़ेंगे, परिवार और समाज का भी भला करेंगे :– मुख्यमंत्री

पटना, 16 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुंगेर जिले के रमनकाबाद, हवेली खगड़पुर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, टेटियाबंबर प्रखंड सह अंचल भवन एवं बरियारपुर रेल ऊपरी सेतु का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर मुझे खुशी हो रही है। विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री एवं इस विभाग के प्रधान सचिव ने विस्तारपूर्वक बातों को आपलोगों के समक्ष रखा है। हमारी सरकार सात निश्चय योजना के तहत हर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, महिला आई0टी0आई0, जी0एन0एम0 संस्थान एवं पारा मेडिकल संस्थान खोल रही है। हरेक सबडिवीजन में आई0टी0आई0 एवं ए0एन0एम0 संस्थान खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुंगेर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज के लिये जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण शुरुआत में दिक्कतें आयीं लेकिन कृषि फॉर्म की जमीन हस्तान्तरित कर दी गयी है, जल्द ही काम शुरु हो जाएगा। मुंगेर में हाल ही में विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। वानिकी इंस्टीच्यूट भी बनाया गया है। बेगूसराय में मेडिकल कॉलेज खोला जा रहा है और जमुई में केंद्र सरकार के द्वारा मेडिकल कॉलेज खोला जा रहा है। बेहतर आवागमन के कारण मुंगेर से भागलपुर, जमुई, बेगूसराय जाना अब आसान हो गया है। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलना आसान नहीं है क्योंकि इसके लिए बहुत जमीन की आवश्यकता होती है और ज्यादा संसाधन की जरुरत होती है साथ ही इसमें समय भी बहुत लगता है। उन्होंने कहा कि बेतिया, मधेपुरा और पावापुरी में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। सरकार ने इसके बाद तीन जगहों और बाद में अन्य पांच जगहों पर मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेक क्षेत्र में काम किए जा रहे हैं सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक काम किए गए हैं। मुंगेर प्रमंडल के अंतर्गत ढेर सारे काम किए गए हैं और अन्य कई योजनाओं पर काम चल रहा है। यहां उपस्थित मंत्रियों ने अपने विभाग से संबंधित किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी है। आज जमुई–खड़गपुर–बरियारपुर पथ पर रेलवे उपरी पुल का उद्घाटन किया गया है। इससे आवागमन में सहुलियत होगी। मुंगेर रेल सह सड़क पुल का मैंने आज हवाई सर्वेक्षण किया है। रेल पुल तो चालू हो गया है लेकिन सड़क पुल के लिए एप्रोच रोड बनाने में जो कठिनाई आ रही है उसे दूर करने का मैंने निर्देश दिया है। जल्द से जल्द मुआवजा देकर यह काम शुरु किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भीम बांध को मैंने देखा और उसकी बेहतरी के लिए उपमुख्यमंत्री ने पहल शुरु कर दी है। यह इको टूरिज्म के लिए अच्छी जगह साबित होगी। यहां गरम पानी का झरना है जो ज्यादा गरम रहता है। अलग से महिला एवं पुरूषों के लिये कुंड का निर्माण किया गया है ताकि लोग उसमें स्नान कर सकें। उन्होंने कहा कि 30 करोड़ की लागत से कोल्ड मिक्सड टेक्नोलॉजी से एन0एच0 333 से जोड़ते हुए 9 कि0मी0 की सड़क भीम बांध तक जाने के लिए बनायी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज टेटियाबंबर प्रखंड मुख्यालय सह अंचल भवन का उद्घाटन हुआ है। अब लोगों को इससे काफी सुविधाएं होंगी। उन्होंने कहा कि 1950–60 दशक में

बनाए गए बिहार के सभी पुराने जर्जर प्रखंड भवनों का पुनः निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हर घर तक बिजली पहुंच गई है। गांव से अंधेरा खत्म हुआ है। लोगों में भूत का डर खत्म हुआ और ढिबरी लालटेन की जरुरत भी खत्म हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम न्याय के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। हर इलाके और हर तबके का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुंगेर एक ऐतिहासिक भूमि है यह कर्ण की भूमि है, यहां दुनिया का सबसे बड़ा योग संस्थान है, स्वामी सत्यानंद सरस्वती जी ने इस जगह का चयन किया था। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित लोगों से कहा कि राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 12 वीं पास विद्यार्थियों को आगे पढ़ने के लिए 4 लाख तक का ऋण मुहैया कराया जा रहा है। छात्रों को यह 4 प्रतिशत की ब्याज दर पर, छात्राओं, ट्रांसजेडरों एवं दिव्यांगों को 1 प्रतिशत के साधारण ब्याज दर पर यह उपलब्ध है। पढ़ाई पूरी करने के बाद इसे 42 अंशों में लौटाना है और जो सक्षम नहीं होंगे उनका ऋण माफ भी किया जा सकता है। इस ऋण में दसवीं पास पॉलिटेक्निक की पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी शामिल किया गया है। राज्य का जी0ई0आर0 (ग्रॉस इनरॉलमेंट रेसियो) 13.9 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय औसत 24 प्रतिशत है। हमलोगों ने 24 प्रतिशत से ज्यादा जी0ई0आर0 बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। 4 हजार जूनियर इंजीनियरों की बहाली के लिए तकनीकी चयन आयोग को प्रस्ताव भेजा गया है। कुछ ही दिनों में 20 हजार जूनियर इंजीनियरों को सर्वेक्षण कार्य में लगाया जाएगा। इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, आई0टी0आई0 आदि शिक्षा प्राप्त करने वालों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य का बजट 1 लाख 80 हजार करोड़ रूपये का हो गया है। स्पष्ट है कि बिहार प्रगति कर रहा है। कुछ लोग भ्रम का माहौल पैदा करना चाहते हैं। घृणा एवं नफरत का माहौल पैदा करना चाहते हैं उससे सतर्क रहने की जरुरत है। आपसी प्रेम, भाईचारे का माहौल बनाकर आगे बढ़ना होगा तभी विकास का लाभ लोगों तक पहुंचेगा। प्रेम–शांति–सद्भाव का माहौल बनाए रखना है। बाल विवाह, दहेज प्रथा के खिलाफ एवं नशामुक्ति के समर्थन में अभियान चलाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा की जरुरत है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 200 से 250 लड़कियों के लिए एवं 300 से 400 लड़कों के रहने के लिये छात्रावास की व्यवस्था, टीचर, स्टॉफ के रहने का प्रबंध कैंपस में किया जाए। इसके लिए राशि उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को पढ़ाएं। नयी–नयी तकनीक आ गयी है उसका उपयोग करें। बिहार के बाहर जो दूसरे राज्यों में इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं पॉलिटेक्निक कॉलेजों में पढ़ने जाते थे उनकी अब संख्या घटने लगी है। उन्होंने कहा कि सभी मन लगाकर पढ़ें, आप ठीक से पढ़ेंगे तभी आगे बढेंगे और परिवार एवं समाज का भी भला करेंगे, साथ ही राज्य और देश को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।

मुख्यमंत्री का स्वागत सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती हरजोत कौर ने पौधा एवं पुस्तक भेंटकर किया। जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को फूलों की बड़ी माला एवं अंग वस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के शुरूआत में मुख्यमंत्री के समक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक भवन से संबंधित एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्यमंत्री ने परिसर में पौधारोपण भी किया।

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वर हजारी, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री जय कुमार सिंह, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, विधायक श्री मेवा लाल चौधरी, भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार एवं विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती हरजोत कौर ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री अमृत लाल मीणा, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुंगेर के आयुक्त श्री पंकज पाल, मुंगेर के पुलिस महानिरीक्षक श्री विनोद कुमार, मुंगेर के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मनु महाराज, मुंगेर के पुलिस अधीक्षक श्री गौरव मंगला, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य श्री असीम कुमार ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारीगण, शिक्षकगण, गणमान्य व्यक्ति एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

******